Regarding need to construct an over-bridge/ under pass at Level Crossing No. 6A and 6B in Bisharatganj in Aonla Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री नीरज मौर्य (आंवला) : आपको अवगत कराना है कि आंवला लोक सभा की बिथरी विधानसभा क्षेत्र जनपद बरेली उत्तर प्रदेश अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत बिशारतगंज की आबादी 25000 होगी । यहां से गुजरने वाली रेलवे लाइन की क्रॉसिंग नंबर 6A एवं 6B अत्यंत व्यस्त मार्ग होने के कारण इस जगह ओवर ब्रिज/अंडर पास बनवाया जाना जनहित में अति आवश्यक है । बिशारतगंज, बरेली रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज बनाया जाए जिससे यात्रीगण रेलवे लाइन कूद कर प्लेटफार्म पर ना जाए तथा बरेली से अलीगढ़-टूंडला-आगरा होकर बांदीकुई तक जाने वाली एकमात्र पैसेंजर को पुन: संचालित किया जाए ।